C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com

पंचमं स्कन्दमाता

सिंहासनगता नित्यं
पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी
स्कन्दमाता यशस्विनी।।





सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:02 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:03 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 93 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 27 सितम्बर 2025

शारदीय नवरात्रि का पांचवे दिन...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सिडकुल में श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ी, अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित

**रुद्रपुर।** सिडकुल की एक कंपनी में ड्यूटी के दौरान एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उसे उपचार को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। परिवार के लोग भी पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक जौहरी लाल पुत्र उम्र राम भरोसे लाल निवासी थाना मिलक गुलड़िया रामपुर यूपी यहां ट्रांजिट कैंप में किराए पर रह सिडकुल की कंपनी में काम करता था। वह रोजाना की तरह शुक्रवार रात को ड्यूटी के लिए गया। यहां पर उसकी तबियत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि उसकी तबियत बिगड़ने पर कंपनी के अधिकारी पहुंचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामला, खालिद के घर पहुंची एसआईटी

**हरिद्वार।** यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में एसआईटी मुख्य आरोपी खालिद के घर पहुंची। टीम ने यहां परिजनों से पूछताछ की। साथ ही दस्तावेजों की पड़ताल भी की। यूकेएसएसएससी पेपर वायरल मामले में एसआईटी की कार्रवाई तेज हो गई है। शनिवार को एसआईटी टीम आरोपी खालिद के सुल्तानपुर स्थित घर पहुंची। टीम ने घर के अंदर जाकर बारीकी से पूछताछ और जांच-पड़ताल की। एसआईटी अधिकारियों ने खालिद के परिजनों से भी सवाल-जवाब किए और घर से कुछ अहम दस्तावेजों की पड़ताल की। जांच टीम यह जानने की कोशिश कर रही है कि पेपर वायरल प्रकरण में खालिद ने घर से किन-किन गतिविधियों को अंजाम दिया था और उसके संपर्क किन लोगों से थे।

## अब डाक टिकट पर आस्था : पाषाण देवी मंदिर की तस्वीर वाला पोस्टकार्ड होगा जारी

**नैनीताल**
**अफजल हुसैन फौजी**

नैनीताल की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को अब राष्ट्रीय पहचान मिलने जा रही है। नैनीताल के ऐतिहासिक मां पाषाण देवी मंदिर को डाक विभाग अपनी स्मृतियों में संजोने जा रहा है। आगामी 11-12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय डाक प्रदर्शनी में मां पाषाण देवी की तस्वीर वाला विशेष पिक्चर पोस्टकार्ड औपचारिक रूप से जारी किया जाएगा। मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट ने बताया कि हाल ही में भारतीय डाक विभाग की एक टीम केंद्र सरकार से अनुमति लेकर मंदिर पहुंची थी। टीम ने मंदिर का निरीक्षण किया और तस्वीर को पोस्टकार्ड में शामिल करने के लिए सहमति मांगी. मंदिर समिति की सहमति के बाद अब यह निर्णय लिया गया है।



**धरोहर को मिला राष्ट्रीय मंचः** डाक विभाग का यह कदम न केवल नैनीताल की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने वाला है, बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष स्मृति भी बनेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे मां पाषाण देवी की महिमा पूरे देश में प्रचारित होगी और आने वाली पीढ़ियों तक यह धरोहर संजोई जा सकेगी।

### प्राचीन आस्था का केंद्र है पाषाण देवी मंदिर

नैनीताल का पाषाण देवी मंदिर सदियों से आस्था और श्रद्धा का प्रतीक रहा है. माना जाता है कि यह मंदिर मां दुर्गा के पाषाण स्वरूप का प्रतीक है। यहां मां की मूर्तियां एक ही पत्थर में बनी हुई हैं, इसी कारण इस स्थान का नाम पाषाण देवी पड़ा, जनश्रुतियों के अनुसार मां पाषाण देवी ने नैनीताल की रक्षा और सुरक्षा के लिए यहां विराजमान होकर नगरवासियों की रक्षा का संकल्प लिया। कहा जाता है कि मां को स्नान कराए गए पानी के सेवन से हकलाने, चर्म रोग समेत कई बीमारियां दूर हो जाती हैं। ठंडी सड़क स्थित इस मंदिर में मां दुर्गा के नौ स्वरूप एक साथ विराजमान हैं। यही कारण है कि हर तीज-त्योहार और पर्व पर यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

13 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे

## छात्रसंघ चुनाव: हल्द्वानी में 11 पदों के लिए 58 प्रत्याशी, छात्रों में मारपीट

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं के सबसे बड़े महाविद्यालय एमबीपीजी कॉलेज में छात्र संघ चुनाव को लेकर आज वोटिंग हो रही है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सात पदों के लिए 13 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

कॉलेज परिसर और उसके आसपास की परिधि में जिसमें नैनीताल रोड भी शामिल है धारा 163 सख्ती से लागू की गई है।

एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में 11 पदों के लिए 58 प्रत्याशी मैदान में हैं। अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के अभिषेक गोस्वामी, एनएसयूआई के कमल बोरा के बीच सीधा मुकाबला है। अन्य पदों के लिये भी मुकाबला रोचक है। महाविद्यालय में वर्तमान में कुल 13963 मतदाता है और मात्र 3599 विद्यार्थियों ने अपने मत का प्रयोग किया। कम मतदान के चलते मुकाबला रोचक हों गया है और अध्यक्ष पद में कौन विजयी होगा यह दिलचस्प होगा। प्राचार्य बी एस वनकोटी और कॉलेज प्रशासन द्वारा चुनाव को लेकर सभी बंदोबस्त किये गये थे। बाहर की कमान पुलिस प्रशासन द्वारा संभाली गयी थी।





एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के मतदान के दौरान माहौल अचानक बिगड़ गया। मतदान प्रक्रिया के बीच कॉलेज कैंपस में हंगामा और बवाल हो गया। इसी दौरान निर्विरोध उप सचिव बने मनोज बिष्ट पर कुछ छात्रों ने हमला कर दिया। पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

... संबंधित खबर पेज 2, 4 पर

### हर एक गतिविधि पर पैनी नजर

हल्द्वानी मतदान के दिन कॉलेज का मुख्य गेट बंद रखा गया। छात्रों को कॉलेज के दूसरे गेट से प्रवेश दिया गया, जबकि छात्राओं को पीछे के गेट से अंदर भेजा गया। यह व्यवस्था मतदान प्रक्रिया को सुचारू और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए की गई थी। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने कॉलेज के दो सौ मीटर के दायरे में धारा 163 लागू कर दी है। इसके अलावा, सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए दो बटालियन पीएसी तैनात की गई हैं। एसपी सिटी,प्रकाश चंद्र, एसपी क्राइम जगदीश चंद्र,सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, सीओ नितिन लोहनी, कोतवाल अमर चंद्र शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी स्वयं कॉलेज परिसर में मौजूद रहे और चुनावी प्रक्रिया का जायजा लेते रहे।

## जनभावनाओं का सम्मान ही मेरा संकल्प: विकास शर्मा

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

आवास विकास वार्ड 38 दशमेशनगर रोड के दोनों ओर नैनीताल हाईवे से होली चौक तक नाला निर्माण कार्य का महापौर विकास शर्मा ने शिलान्यास किया।

शिलान्यास कार्यक्रम में महापौर ने कहा कि शहर की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करना ही नगर निगम की प्राथमिकता है, साथ ही रुद्रपुर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर व्यवस्थित और सुंदर बनाने की दिशा में भी लगातार काम हो रहा है। उन्होंने कहा पिछले करीब सात माह के कार्यकाल में हमने एक-एक दिन जनता को समर्पित किया है। परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं। दशमेशनगर मार्ग पर नाला निर्माण न होने से वर्षों से जल निकासी की समस्या बनी हुई थी। क्षेत्रवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए नगर निगम ने इस नाले का निर्माण सुनिश्चित किया है। अब लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और जल निकासी व्यवस्थित होगी। मार्ग पर अतिक्रमण भी बड़ी समस्या थी। शिकायत मिलने पर पिछले दिनों नगर निगम प्रशासन ने सड़क पर लगे होर्डिंग्स व ठेलों को पहले ही हटवा दिया है और भविष्य में भी इस पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।वर्तमान में त्योहारों को देखते हुए हमारा फोकस शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने पर है। नैनीताल हाईवे चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो चुका है, जल्द ही काशीपुर बाईपास मार्ग समेत शहर की अन्य प्रमुख सड़कों का भी चौड़ीकरण प्रस्तावित है। महापौर ने यह भी बताया कि नगर निगम निकट भविष्य में स्मार्ट ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत हाईटेक सिस्टम से शहर के यातायात की निगरानी होगी और नियम तोड़ने वालों के चालान ऑटोमैटिक ऑनलाइन कटेंगे।पार्षद राजेश जग्गा ने इस मौके पर महापौर विकास शर्मा का आभार जताया। शिलान्यास समारोह में राजेश कामरा, मानस जायसवाल, मोर सिंह, विजय तोमर आदि मौजूद रहे।



## मौलाना तौकीर समेत आठ आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ/बरेली**
**एजेंसी**

बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद पुलिस ने शनिवार को मौलाना तौकीर रजा खां समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अलग-अलग थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। मौलाना तौकीर को बलवा कराने का आरोपी बनाया गया है। वहीं जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं।

बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार को मौलाना तौकीर रजा खां समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अलग-अलग थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। एक मुकदमे में मौलाना तौकीर को बलवा कराने का आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तारी के बाद मौलाना समेत आठों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जुमे की नमाज के बाद अलग-अलग जगहों पर हिंसक प्रदर्शन किया। इसमें अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, थाना किला, प्रेमनगर और कैंट में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बवाल के बाद जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। बीएसएनएल क्षेत्रीय कार्यालय के जीएम पंकज पोरवाल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सोशल मीडिया पर जो पत्र वायरल हुआ है, वह सही है। शासन के निर्देश पर कुछ देर में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी जाएंगी।

## बरेली हिंसा पर योगी बोले-मौलाना भूल गया था यूपी में किसका शासन है

**लखनऊ**
**एजेंसी**

राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में शनिवार को विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047 के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया।

इस मौके पर यूपी के विकास और आने वाले समय में प्रदेश के विकास के लक्ष्य पर चर्चा हुई। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम योगी ने प्रदेश में कानून व्यवस्था से लेकर एक्सप्रेसवे, मेट्रो और अन्य विकास कार्यों पर अपनी बात रखी। उन्होंने अशांति फैलाने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी। सीएम ने कहा कि बरेली में वह मौलाना भूल गया कि शासन किसका है। कहता था, धमकी देंगे कि हम शहर जाम कर देंगे। हमने कहा ना तो जाम होगा... ना ही कर्फ्यू लगेगा। बल्कि, ऐसा सबक सिखाएंगे की आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। 2017 से पहले यही होता था। लेकिन, अब हमने ऐसे बैरियर को लागू किया है, जिससे चुन-चुन करके ऐसे लोगों को सबक सिखाया। वह जिस भाषा में समझना चाहते थे, उस भाषा में उन्हें समझाया गया। पहले सरकारों ने हर जिले में एक माफिया दिया था। जिले की सत्ता माफिया को चलाने की छूट दी गई थी। हर व्यक्ति अपनी पहचान को मोहताज था। खेती-बाड़ी चौपट थी। नौजवानों की नौकरियों पर सेंध लगाती थी। उनकी नीलामी होती थी। चाचा-भतीजा वसूली के लिए निकल पड़ते थे। वसूली का गैंग चलता था। ट्रांसफर और पोस्टिंग में उनके दलाल बोली लगाया करते थे। हमने उनके अनैतिक और अवैध व्यापार पर प्रहार किया है। उनके चेले चिल्लाते हुए दिखाई दे रहे हैं।



सीएम योगी ने कहा कि 11वीं सदी में भारत के अंदर भारत की आबादी 60 करोड़ थी। भारत आर्थिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में था। चंद्रगुप्त मौर्य के समय में ग्लोबल इकॉनमी में भारत की हिस्सेदारी 40 फीसदी थी।

11वीं सदी आते-आते यह घटकर 30 फीसदी तक रह गई। 17वीं सदी में भारत 25 फीसदी पर सिमट गया। उस समय आधी से ज्यादा आबादी खेती पर निर्भर थी। शेष आबादी लघु और कुटीर उद्योगों में लिप्त थी। भारत में अंग्रेजों ने पेस्टिसाइड और केमिकल भेजें। शुरू में परिणाम अच्छे रहे, लेकिन बाद में बेहद खराब परिणाम आए।

# आज करेंगे 5301 छात्र-छात्राएं 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

## डीएसबी परिसर छात्र संघ चुनाव:शांतिपूर्ण निपटी प्रत्याशियों की आम सभा,मतदान आज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में शनिवार (आज) को होने जा रहे छात्र संघ चुनाव के लिए परिसर में शुक्रवार को प्रत्याशियों की आम सभा आयोजित की गयी। आम सभा में प्रत्याशियों ने अपने लच्छेदार भाषणों से छात्र-छात्राओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए हर संभव कोशिश की। सभा में शेरो-शायरी का भी बोलबाल रहा। प्रत्याशियों ने परिसर की पुस्तकों समेत छात्र हितों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को गिनाते हुए छात्र संघ आने पर उनके समाधान का हर संभव वायदा किया।

बता दें आम सभा में विभिन्न पदों के लिए नामांकित 18 प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी बात रखी। अध्यक्ष पद पर तनिष्क मेहरा व करन सती, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर प्राची नेगी व तनिषा जोशी, छात्र उपाध्यक्ष पद पर शंशाक सिंह भंडारी व दिनेश चंद्र, सचिव पद पर आयुष आर्या, संयुकत सचिव पद पर नितान्त व जय वर्धन चन्द्र, कोषाध्यक्ष पद पर शिवेश कुमार, सांस्कृतिक सचिव पद पर भावेश विश्वकर्मा व सत्यम सिंह, विवि प्रतिनिधि पद पर आशीष कबडवाल, संकाय प्रतिनिधि पद पर (कला) दिपांशु अधिकारी व करन कुमार, (विज्ञान) पर वेदांत पांडे, (विधि) पर यशिता करगेती व (जैव चिकित्सा) पद पर अतुल रावत ने विचार रखे। आम सभा का संचालन प्रो. ललित तिवारी,डॉ. दीपिका पंत तथा डॉ नंदन सिंह मेहरा ने किया। आम सभा के दौरान चुनाव अधिकारी प्रो. अमित जोशी ने कहा कि मतदान के लिए परिसर के हर छात्र-छात्रा को परिचय पत्र लाना जरूरी है तथा बिना परिचय पत्र के परिसर में प्रवेश वर्जित होगा । आम सभा में डीन प्रो. रजनीश पांडे,प्रो.चित्रा पांडे, प्रो. जीत राम, प्रो. आर सी जोशी, प्रो. संजय पंत, प्रो. हरीश बिष्ट, प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. सुषमा,प्रो. गीता तिवारी, डॉ. निधि, डॉ महेश आर्य,डॉ रितेश साह डॉ मनोज सिंह बिष्ट ,दीपू बिष्ट ,नंदा बी पालीवाल, कुंदन तथा राजेश शामिल रहे।




## नैनीताल। सुबह से छात्र संघ चुनाव को लेकर मतदान प्रक्रिया शुरू

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर में शनिवार सुबह से छात्र संघ चुनाव को लेकर मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई। परिसर में छात्रों का उत्साह मतदान केंद्रों पर रहा है। छात्र-छात्राएं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सुबह से ही कतारों में लगे रहें। चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। परिसर में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए छात्रों से अपील करते रहें। शांतिपूर्ण माहौल में चल रही मतदान प्रक्रिया को लेकर सभी की निगाहें मतदान प्रतिशत और परिणाम पर टिकी हैं। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नए छात्र संघ का गठन होगा। बता दें विभिन्न पदों के लिए नामांकित 18 प्रत्याशियों मैदान में उतरे हुए है ।



## मात्र 6 पदों के लिए ही होगा मतदान

डीएसबी परिसर के कुल 12 पदों में से मात्र 6 पदों के लिए ही शनिवार (आज) को चुनाव होगा,इन पदों में अध्यक्ष, छात्रा उपाध्यक्ष, छात्र उपाध्यक्ष, संयुक्तत सचिव, सांस्कृतिक सचिव तथा कला संकाय प्रतिनिधि शामिल हैं। बांकी 6 पदों में प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं लेकिन उनकी विधिवत घोषणा शनिवार (आज) ही होगी।



## 15 बूथों पर 5301 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

परिसर में शनिवार (आज)होने जा रहे छात्र संघ चुनाव के लिए परिसर प्रशासन की ओर से कुल 15 बूथ बनाएं गए हैं जिसमें 5301 छात्र-छात्राएं सुबह 10 बजे से लेकर अपराह्न 2 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयो करेंगे। उसके बाद मतगणना,निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा के बाद शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## आम सभा: पुलिस छावनी में तबदील रहा डीएसबी परिसर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

छात्र संघ चुनाव की आम सभा के मद्देनजर परिसर पूरी तरह से पुलिस छावनी में तबदील रहा। पुलिस अधीक्षक डा.जगदीश चंद्रा के नेतृत्व में तल्लीताल व मल्लीताल के कोतवाल समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मी मुस्तैदी से अपने कार्य में जुटे रहे। कुल मिलाकर आम सभा शांतिपूर्ण निपटने से परिसर प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## रंजिश के चलते दबंगों ने घर में घुसकर हमला किया, वृद्ध गंभीर

**रुद्रपुर।** चौकी रम्पुरा क्षेत्र में दबंग किस्म के लोग धारदार हथियार लेकर पड़ोसी के घर में घुस आए और परिजनों से मारपीट कर हमला कर दिया। हमले में वृद्ध लहूलुहान हो गया।

घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। वृद्ध के सिर पर 11 टांके आए हैं। हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी है। जांच कर रही है। चौकी क्षेत्र पहाड़गंज वार्ड नंबर 15 निवासी जावेद पुत्र इबने हसन ने बताया कि गुरुवार की रात वह घर पर नही था।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपना नाम पंकज सिंह खनी बिष्ट (पुराना नाम) से बदलकर पंकज सिंह खनी (नया नाम) रख लिया है। भविष्य में मुझे पंकज सिंह खनी (नया नाम) पुत्र स्व0 जगत सिंह खनी बिष्ट से जाना पहचाना जाए।

**वर्तमान पता: निकट एच.पी. पेट्रोल पम्प, हरिपुर नायक, पो0 हल्द्वानी, जिला नैनीताल**

## छात्रसंघ चुनाव के चलते यातायात नियंत्रण एवं पार्किंग व्यवस्था लागू रहेगी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं मंडल के सबसे बड़े महाविद्यालय में आगामी छात्रसंघ चुनाव के चलते हल्द्वानी शहर में दिनांक 27 सितंबर से मतगणना पूरी होने तक विशेष यातायात नियंत्रण एवं पार्किंग व्यवस्था लागू रहेगी। इस दौरान शहर के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन एवं रोक-टोक के कड़े प्रबंध किए गए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मतगणना एवं चुनाव के दौरान नैनीताल रोड में सभी प्रकार के मालवाहक वाहन और अति आवश्यक सेवा से संबंधित वाहन प्रवेश निषेध रहेंगे। इन्हें बाईपास मार्गों से आवागमन करने को कहा गया है। तिकोनिया से काठगोदाम की ओर जाने वाले वाहन भोटियापड़ाव चौकी के सामने से डायवर्ट होकर रोड के दाहिने हिस्से से गुजरेंगे। काठगोदाम से तिकोनिया की ओर आने वाले वाहन अपनी लाइन में सीधे चलते रहेंगे। आवश्यकतानुसार नैनीताल रोड से हल्द्वानी आने वाले वाहनों को कॉल्टेक्स/हाइडिल तिराहा से डायवर्ट कर पंचक्की एवं आवास विकास तिराहा से ठंडी सड़क होते हुए तिकोनिया चौराहा की ओर भेजा जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली रोडवेज और निजी बसें तिकोनिया से नैनीताल बैंक तिराहा होकर रोडवेज बस स्टेशन तक अपने नियमित मार्ग पर ही चल सकेंगी। हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र जाने वाली सभी रोडवेज और निजी बसें भोटियापड़ाव चौकी से डायवर्ट होकर महारानी होटल तिराहा तक दाहिने भाग से होकर चलेंगी। महिला डिग्री कॉलेज के चुनाव के दौरान अटल रोड से कुल्यालपुरा चौराहा की ओर आने वाले वाहन अटल मार्ग शिव मंदिर/कलावती चौराहा से डायवर्ट होकर नगर निगम रोड, नहर कवरिंग रोड होते हुए पानी की टंकी एवं दोनहरिया होकर पंचक्की की ओर जाएंगे। दोनहरिया तिराहा, पानी की टंकी तिराहा और तिकोनिया चौराहा से कुल्यालपुरा चौराहा की ओर वाहन प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। चुनाव एवं मतगणना में ड्यूटी पर तैनात अधिकारी, कर्मचारी और पत्रकारों के वाहन एम.बी. इंटर कॉलेज ग्राउंड में पार्किंग हेतु निर्धारित किए गए हैं। मतदान करने वाले अभ्यर्थी अपने निजी वाहन ठंडी सड़क में पार्क कर सकेंगे। महिला डिग्री कॉलेज में चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारियों के वाहन कॉलेज के बाईं ओर सड़क किनारे पार्किंग के लिए उपलब्ध रहेंगे। डिग्री कॉलेज के सामने का क्षेत्र (मुख्य मार्ग के बाएं हिस्से) भोटियापड़ाव चौकी से महारानी होटल तिराहा तक, तथा डिग्री कॉलेज तिराहा से कुल्यालपुरा चौराहा होते हुए सरस्वती रेस्टोरेंट तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। कलावती तिराहा (अटल रोड) से कुल्यालपुरा चौराहा तक सभी दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। केवल चुनाव से जुड़े अधिकारी/कर्मचारी के वाहन आवागमन कर सकेंगे। इस विशेष यातायात और पार्किंग योजना का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को बाधित किए बिना सुरक्षा एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित करना है। जनता से अनुरोध है कि वे निर्देशित मार्गों का पालन करें और चुनाव कार्य में सहयोग प्रदान करें।



# अभिमत

## सांस लेने का अधिकार

***आतिशबाजी से वायु और ध्वनि प्रदूषण पूरे साल किसी न किसी तरह होता रहता है। दीपावली पर पटाखों से आपत्ति संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक है। विवाह समारोह में आतिशबाजी की होड़ पिछले कुछ वर्षों से शुरू हुई है। चुनाव जीतने, मैच जीतने और यहां तक कि बर्थ डे मनाने पर भी आतिशबाजी की जाती है। आतिशबाजी से वायु प्रदूषण के साथ ही ध्वनि प्रदूषण होता है। गंभीर रूप से बीमार और वृद्ध लोगों की रात में नींद आतिशबाजी के धमाकों से टूट जाती है। कई बार बीमार लोगों की मृत्यु पटाखों की आवाज से हो चुकी है।***

प्रदूषण विश्वव्यापी समस्या हो गई है। पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में लगे पटाखों पर प्रतिबंध को देशभर में लागू करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत का कहना है कि सिर्फ दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे देश के सभी नागरिकों को प्रदूषण मुक्त स्वच्छ वातावरण में रहने का अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि जो भी नीति हो, वह अखिल भारतीय स्तर पर होनी चाहिए। हम दिल्ली के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं कर सकते, क्योंकि यहां के लोग देश के सुविधा संपन्न (इलीट) नागरिक हैं। दरअसल त्योहारों का दौर शुरू होने वाला है। हर साल दीपावली पर पटाखों को लेकर सवाल उठाये जाते हैं। इस मामले को सिर्फ दीपावली तक सीमित दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। आतिशबाजी से वायु और ध्वनि प्रदूषण पूरे साल किसी न किसी तरह होता रहता है। दीपावली पर पटाखों से आपत्ति संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक है। विवाह समारोह में आतिशबाजी की होड़ पिछले कुछ वर्षों से शुरू हुई है। चुनाव जीतने, मैच जीतने और यहां तक कि बर्थ डे मनाने पर भी आतिशबाजी की जाती है। आतिशबाजी से वायु प्रदूषण के साथ ही ध्वनि प्रदूषण होता है। गंभीर रूप से बीमार और वृद्ध लोगों की रात में नींद आतिशबाजी के धमाकों से टूट जाती है। कई बार बीमार लोगों की मृत्यु  पटाखों की आवाज से हो चुकी है। कुछ दिन पहले एक जुलूस में डीजे की तेज आवाज से युवा को दिल का दौरा पड़ा और मृत्यु हो गई। ध्वनि प्रदूषण से रात में विद्यार्थियों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। प्रशासन ने देर रात में बैंड बाजे और डीजे पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सके। आतिशबाजी के बारे में भी नियम लागू करने की जरूरत है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब है। माई लॉर्ड्स हम सचमुच घुटते हैं, सर्दियों में तो बहुत मुश्किल हो जाता है। मुख्य न्यायाधीश गवई ने दिल्ली के अतिरिक्त अन्य जगह का निजी अनुभव साझा करते हुए कहा कि पिछली सर्दियों में वह अमृतसर में थे। पंजाब में वायु प्रदूषण दिल्ली से भी बदतर है। शीर्ष अदालत ने वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। इस संदर्भ में महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्रदूषण वर्ग विशेष की समस्या नहीं है।

# छात्रसंघ चुनाव में फायरिंग करने वालों में, तीन दबोचे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव में नामांकन के दौरान फायरिंग कर दहशत फैलाने वालों में पुलिस ने गैंगस्टर समेत तीन को गिरफ्तार किया है। एक के कब्जे से तमंचा भी बरामद किया।

गिरफ्तार आरोपियों का अपराधिक रिकॉर्ड भी ठीक ठाक है। पुलिस फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि बुधवार को सरदार भगत सिंह राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनावों को लेकर नामांकन था। जिसमें छात्रसंघ अध्यक्ष के दोनों प्रत्याशियों के समर्थक नामांकन के बाद मुख्य गेट के बाहर सड़क पर एकत्र हो गए और हाइवे पर यातायात बाधित कर दिया।

इस दौरान दोनों पक्षों के जस्सी कचूरा और सतपाल लाहौरिया ने फायरिंग कर दी थी। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के जस्सी कचूरा, मनप्रीत उर्फ गोपी, अभय सक्सेना उर्फ चाईना, दानिश, गगन रतनपुरिया, चेतन मांगड़, अमृत चीमा, विक्रम, पार्षद जानी भाटिया, प्रिंस शर्मा, सतपाल लाहौरिया उर्फ पिंदर, हेमंत उर्फ नोनू मिश्रा, रवि रावत, आकाश यादव, आशीष यादव के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर तलाश शुरू कर दी थी।



शुक्रवार को पुलिस ने सूचना के आधार पर तीन आरोपित ग्राम ईश्वरपुर शीशगढ़ बरेली निवासी रखवीर सिंह पुत्र हरविंदर सिंह, वार्ड 29 आदर्श कालोनी निवासी दानिश पुत्र फजले नवी तथा ग्राम नेताजीनगर विजय नगर दिनेशपुर निवासी गुरपेज सिंह पुत्र रिसपाल को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान दानिश के पास से पुलिस को एक तमंचा भी बरामद हुआ। एसएसपी ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। जल्दी ही पुलिस के शिकंजे में होंगे। उन्होंने बताया कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। तीनों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही। पुलिस के मुताबिक रखवीर दो राज्यों में अपराध कर चुका है और उसके खिलाफ कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जबकि दानिश पर हत्या समेत कई मुकदमें है।

गुरपेज सिंह पर भी रुद्रपुर में हुए पिता पुत्र हत्याकांड के आरोपियों को भगाने और गाड़ी उपलब्ध करा पैसे देने का आरोप है। इसका नाम पसियापुर गोलीकांड में भी नाम प्रकाश में आया था।

## अखिल भारतीय बार परीक्षा का होगी 30 नवंबर को

**नैनीताल।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने अखिल भारतीय बार परीक्षा के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा उन सभी उमीदवारों के लिए अनिवार्य है जो भारत में वकालत का अभयास शुरू करना चाहते हैं। बीसीआई द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार ऑल इंडिया बार की परीक्षा का आयोजन 30 नवंबर 2025 (रविवार) को किया जाएगा। इस हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होने की तिथि 29 सितंबर (सोमवार) है और उसी दिन से ऑनलाइन माध्यम से भुगतान शुरू होंगे जो 28अकटूबर (मंगलवार) तक रजिस्ट्रेशन किये जा सकेंगे। रजिस्ट्रेशन फ ॉर्म में सुधार की अंतिम तिथि 31 अकटूबर है । इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के उमीदवारों के लिए 45 फीसदी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग उमीदवारों के लिए 40 फीसदी अंक प्राप्त करना अनिवार्य है । बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सचिव अशोक कुमार पांडेय की ओर से यह सूचना जारी की गई है ।

# जनपद स्तरीय विद्यालयी ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका विद्या मन्दिर इंटर कालेज में शुक्रवार को जिला स्तरीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता–2025 का आयोजन किया गया।

बता दें प्रतियोगिता में विशिष्ठ अतिथि के रूप में बलाक समन्वयक श्री अजय कुमार एवं श्री विशन सिंह मेहता प्रधानाचार्य भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के सभी प्रतियोंगियों का राज्य स्तर पर चयन की हार्दिक बधाई दी और मेहनत करने पर जोर दिया और साथ ही साथ विद्यालय के ताइक्वाण्डो कोच श्री नारायण दत्त पाण्डेय को भी लगातार 23 वर्षों से प्रयास करते रहने पर हार्दिक बधाई दी। प्रतियोगिता में उपस्थित शिक्षक वृन्दों ने उनके माता पिता को भी हार्दिक बधाई देने वालों में मनीष कुमार जिला खेल प्रकोष्ठ नैनीताल, दुश्यन्त नेगी, कंचन रावत बलाक समन्वयक, श्रीमती पुष्पा दरमवाल क्रीडा प्रभारी मोहन लाल



साह इं0का0 नैनीताल, श्रीमती सीमा सैन, श्रीमती गंगा काण्डपाल, श्रीमती गीतिका सनवाल, श्रीमती निशा, कु0 स्वाति तथा मंच संचालक नवीन पाण्डे ने किया।

इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं संयोजिका श्रीमती शबनम अहमद द्वारा सभी उपस्थित बालक बालिकाओं व सभी उपस्थित अध्यापक अध्यापिकाओं को भी हार्दिक बधाई दी तथा और अधिक परिश्रम पर बल दिया। निर्णायक मण्डल में मुखय निर्णायक कोच नारायण दत्त पाण्डेय, ज्योति दुर्गापाल, रोहित प्रसाद तथा गीतान्जली शिवानी आर्या द्वारा किया गया। चयनित छात्र–छात्रायें सीनियर वर्ग सागर सिंह अधिकारी, आदित्य बोरा, लक्ष्य अधिकारी, नैना आर्या, मीनाक्षी, वंशिका, प्रियंका आर्या, प्रियांशी, दीपा, श्रेया, मनीषा तथा सौरभ का चयन राज्य स्तरीय ताइकवाडों प्रतियोगिता हेतु हुआ है। उक्त सभी चयनित प्रतियोगी 28 सितंबर (रविवार) को विद्यालयी राज्य स्तरीय ताइकवाडों प्रतियोगिता जो बागेश्वर में आयोजित होने जा रही है में प्रतिभाग करेंगे।

## शारदीय नवरात्रि

# शारदीय नवरात्रि का पांचवे दिन स्कन्दमाता की पूजा



*मां दुर्गाजी के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्र के पांचवें दिन की जाती है। भगवान स्कन्द कुमार का्त्तिकेय नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर–संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। इन्हीं भगवान स्कन्द की माता होने के कारण मां के इस पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। कमल के आसन पर विराजमान होने के कारण से इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। स्कन्दमाता की उपासना से बालरूप स्कन्द भगवान् की उपासना स्वयमेव हो जाती है। यह विशेषता केवल इन्हीं को प्राप्त है, अत: साधक को स्कन्दमाता की उपासना की ओर विशेष ध्यान देना चाहिये। नवरात्र के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्त्व बताया गया है। इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में स्थित होता है। इस दिन योगी का मन विशुद्ध चक्र में स्थित होता है। इस चक्र में अवस्थित होने पर समस्त लौकिक बन्धनों से मुक्ति मिल जाती है और मां स्कंदमाता में अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर सकता है वह निरंतर उपासना में ही डूबा रहता है। स्कंद या कार्तिकेय या कुमार अनेक नाम से भी जाने जाते हैं। इनका वाहन मोर है जब देवासुर संग्राम हुआ था तब ये देवताओं के सेनापति थे। स्कंद माता के दाहिने हाथ में निचली भुजा में कमल का फूल है. बाएं हाथ में वर मुद्रा धारण कर रखा है. ये शुभ वर्ण की हैं।*

### देवी स्कंदमाता की पूजा

*माता सबकी इच्छाएं पूर्ण करती हैं. उनकी भक्ति से हम इस लोक में सुख का अनुभव करते हैं। इनकी भक्ति से सारे दरवाजे खुल जाते हैं। इनके पूजन के साथ कार्तिकेय का भी पूजन हो जाता है, सौर मंडल की देवी होने के कारण वे सम्पूर्ण तेज से युक्त है। विशुद्ध मन उनकी आराधना अत्यंत लाभदायक हैद्व देवी पुराण के अनुसार आज के दिन 5 कन्याओं को भोजन कराया जाता है। स्त्रियां इस दिन हरे या फिर पीले रंग के वस्त्र पहनती हैं।*

# दि कूर्मांचल नगर सहकरी बैंक लिमिटेड की वार्षिक सभा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

दि कूर्मांचल नगर सहकरी बैंक लिमिटेड नैनीताल की सामान्य निकाय की 43वीं साधारण वार्षिक सभा शुक्रवार को नैनीताल क्लब में आयोजित हुई।

आम सभा में बैंक के समाप्त हुये वित्तीय वर्ष 2024–25 का संपरीक्षित संतुलन पत्र एवं लाभ हानि खाते को उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया। सभा में बैंक के संचालक मण्डल के सदस्य समेत प्रतिनिधि एवं बैंक कर्मी उपस्थित रहे जिनमें बैंक के अध्यक्ष विनय साह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार जैन, संगीता साह, ऊर्मी शाह, डा0. केदार पलडिया़, केशर सिंह मेहरा, सुभाष चन्द्रा, शैलेंद्र पंत, गिरीश पाठक, पीतांबर पंत, प्रभात चौधरी, ललित साह, अमित गर्ग, राजीव चन्द्र गुप्ता, रघुराज सिंह के अतिरिक्त किरण जोशी, लीला जोशी, महावीर सिंह बिष्ट, अरुण वर्मा, कन्हैय्या लाल साह, राजीव लोचन साह, सुषमा डन्डरियाल, रमेश चंद्र पलडिया़ तथा मोहन सिंह बोरा आदि उपस्थित रहे।



# News कॉर्नर

## स्वरूपनखा की कटी नाक, खर दूषन का हुआ वध, आज मारीच बनेगा मृग,सीता का होगा हरण

रुद्रपुर। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के आठवें दिन लीला का शुभारंभ रुद्रपुर गुरुद्वारा सिंह सभा रुद्रपुर के पूर्व अध्यक्ष सरदार जसविंदर सिंह खरबन्दा, हरविंदर सिंह हरजी, चंद्रकांत अरोरा,सर्व गौड़ मंगलदास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ शिव नाटक क्लब के संरक्षक पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं सरप्रस्त संजय ठुकराल भी रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि कहा कि हम हर वर्ष हम रामलीला का मंचन इसलिए देखते हैं कि हमारी संस्कृति और विरासत हम अपने आने वाली पीढ़ी को बता सकें और ये हमारी परम्पराएँ ऐसी ही आगे साल दर साल चलती रहें, उन्होने श्री शिव नाटक क्लब को इस भव्य आयोजन हेतु बधाई प्रेषित की प्रभु श्री रामलीला मंचन देखने आए हुए सभी भक्तों का धन्यवाद किया।

श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। रामलीला के मंचन में स्वरूपनखा नकटी, खर दूषण वध,रावण दरबार एवं रावण मारीच संवाद तक की लीला का मंचन किया गया, जिसमें स्वरूपनखा भूमिका गर्व गुलाटी, राम गौरव अरोरा,लक्ष्मण रवि कक्कड़,सीता नैतिक तनेजा,खर विजय परुथी,दूषण बिट्टू अरोरा,रावण अंशुल गुलाटी, मंत्री भारत हुड़िया,पंकज कालरा एवं मारीच की भूमिका नरेश घई ने निभाई।

मंच संचालन जॉली कक्कड़ ने किया। आज के मंचन में सीता हरण, राम विलाप ,जटायु वध ,शबरी से भेंट एवं रामसुग्रीव मित्रता तक के लीला का मंचन किया जाएगा।

# पेपर-लीक प्रकरण के खिलाफ स्नातक-स्तरीय परीक्षा के तत्काल रद्दीकरण की मांग

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड में यूके-एसएसएससी से जुड़े पेपर-लीक प्रकरण के खिलाफ कुमाऊं के छात्र-युवा और प्रभावित अभिभावक अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच गए हैं।

देहरादून में शुरू हुए आंदोलन के बाद हल्द्वानी में लगातार तीसरे दिन भारी विरोध प्रदर्शन हुए, जिनमें समस्त पीड़ितों ने अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा कर दी और उत्तराखंड सरकार से सीबीआई जांच तथा स्नातक-स्तरीय परीक्षा के तत्काल रद्दीकरण की मांग की। बुद्ध पार्क में उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र कोरंगा का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा,दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुई । आंदोलन ने एक नया और चुटीला मोड़ ले लिया। सैकड़ों युवाओं ने सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित सैकड़ों ज्ञापनो को व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री को भिजवाया। इन सभी ज्ञापनों में प्रदेश की स्नातक स्तरीय परीक्षा में पारदर्शिता और सीबीआई जांच,स्नातक स्तरीय परीक्षा रद्द करने, आयोग को भंग कर उसके पुनर्गठन के लिए राज्य सरकार को निर्देशित करने की मांग प्रमुख थी। वही गुस्से से भरे छात्रों ने भ्रष्ट तंत्र और लीक होती परीक्षाओं का अनोखा इलाज खोज निकाला इस दौरान उन्होंने सरकार, आयोग और जिम्मेदार तंत्र को एम-सील का पैकेट भेजकर लीक तंत्र पर सील लगाने की मांग की।राज्य आंदोलनकारी ललित जोशी ने कहा कि जब-जब भर्ती परीक्षाएं होती हैं, तब-तब लीकेज की खबरें अखबारों में सुर्खियां बन जाती हैं। ऐसे में अब आयोग के भवन पर एम-सील लगाकर ही असली ताले का काम किया जा सकता है। अधिवक्ता भानु कबडाल ने कटाक्ष किया कि अगर सरकार बेरोजगार युवाओं का भविष्य नहीं बचा सकती तो कम से कम एम-सील से सवालपत्र तो बचा ले।युवा पार्षद शैलेंद्र दानू का कहना था कि यदि सरकार सच में गंभीर है तो वह केवल धरनों पर पुलिस भेजने के बजाय पेपर लीक कराने वाले माफियाओं पर शिकंजा कसे। अन्यथा, युवाओं के पास अब और भी चुटीले लेकिन असरदार तरीके अपनाने के विकल्प खुले हैं। खीमेश पनेरु साफ चेतावनी दी कि अगर सीबीआई जांच और परीक्षा रद्द करने की मांगों पर तुरंत निर्णय नहीं हुआ, तो एम-सील आंदोलन प्रदेशव्यापी रूप लेगा। इस मौके पर पूर्व विधायक नारायण पाल , युवा नेता विशाल सिंह भोजक,प्रियंका भट्ट,गिरीश चंद्र आर्य, आयुषी बिष्ट,कविता दानू पायल बिष्ट,पूजा बिष्ट, सूरज रावत,नीरज गंगोला, गोकुल मेंलकनी, समेत अनेक युवा नेता मौजूद रहे।

# जीएसटी बचत उत्सव आयोजित पूर्व विधायक शुक्ला ने की शिरकत

**रुद्रपुर/किच्छा**

**हमारे संवाददाता**



किच्छा मुख्य बाजार में 'जीएसटी बचत उत्सव' के तहत जागरूकता कार्यक्रम का भाजपा किच्छा नगर मंडल एवं देवभूमि व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य हाल ही में घटाई गई जीएसटी दरों के लाभों को आम जनता और व्यापारियों तक पहुंचाना था।

पूर्व विधायक ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो आर्थिक सुधारों की क्रांतिकारी पहल हुई है, वह वास्तव में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को साकार करते हुए जीएसटी दरों में कटौती का जो निर्णय लिया है, उससे आम जनता, व्यापारी वर्ग और छोटे उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा। जीएसटी की नई दरों से उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती हुई हैं, जिससे महंगाई पर नियंत्रण के साथ-साथ बाजार में खरीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने पीएम मोदी की दूरदर्शिता और जनहितकारी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि यह फैसला देश की आर्थिक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम है। पूर्व विधायक ने उत्तराखंड के सीएम धामी की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार केंद्र की नीतियों को प्रभावी रूप से लागू कर रही है, जिससे प्रदेश के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने पार्टी पदाधिकारी एवं व्यापारी नेताओं ने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे ग्राहकों को घटाई गई जीएसटी दरों की पूरी जानकारी दें। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया,मनमोहन सक्सेना, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय अरोड़ा, महामंत्री नितिन फुटेला, जिला उपाध्यक्ष अमन मदान, सुरेंद्र चौधरी, मुकेश कोली, धर्मराज जायसवाल, संदीपअरोड़ा, मूलचंद राठौर, कुलदीप बग्गा, राकेश गुप्ता, प्रकाश पंत, पूरन भट, विनोद कोली, नितिन वाल्मीकि, रामावतार अग्रवाल, देवेंद्र शर्मा, जितेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# छात्र संघ चुनाव-मतदान के दौरान पुलिस के कड़े इंतजाम

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

शनिवार को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में शुरू हुए छात्र संघ के चुनाव के दौरान गेट पर चैकिंग कर रहे पुलिस कर्मियों ने फर्जी वोट डालने आये एक युवक को पकड़ लिया। हालांकि पुलिस कर्मी कुछ करते।तब तक वह निकल गया।

हुआ यूं कि कालेज गेट पर चैकिंग के दौरान एक युवक किसी और छात्र की पर्ची लेकर पहुंचा। वहां तैनात कांस्टेबल उमेश मिश्रा ने जब उसकी पर्ची को लेकर उसकी जांच करनी शुरू की तो वह छात्र घबरा गया। उक्त पुलिस कर्मी ने वहां मौजूद दौरान इंस्पेक्टर विजेंद्र शाह, प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ट्रांजिट कैंप,थानाध्यक्ष पंतनगर नंदन सिंह रावत, एसआई अशोक कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी ने पर्ची को चेक किया। छात्र संघ चुनाव के दौरान खुफिया विभाग भी पूरी तरह अलर्ट दिखाई दिया। उधर एसएसपी मणिकांत मिश्रा,सीओ सिटी प्रशांत कुमार भी कालेज पहुंचे। उन्होंने कालेज में हो रहे मतदान की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी में तैनात अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# सून बीच दसकंधर देखा। आवा निकट जती कें बेषा, जाकें डर सुर असुर डेराहीं। निसि न नीद दिन अन्न न खाहीं॥

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्राचीन श्री रामलीला मैदान में सीता हरण, जटायु उद्धार की लीला का मंचन करवाया गया।

रावण भिक्षुक के रूप में राम जी की कुटिया में पहुँचता है और भिक्षा मांगता है तो माँ सीता उन्हें लक्ष्मण रेखा के बाहर भिक्षा डालकर कहती है, हे भिक्षुक इसे ग्रहण करो तो रावण अपनी चाल चलकर उन्हें लक्ष्मण रेखा लाँघ कर उसके बाहर आने को मजबूर कर देता है और सीता हरण कर लंका को लौटता है। रास्ते में जटायु उन्हें सीता का हरण कर ले जाते हुये देखता है तो उसे रोकने का प्रयास करता है। रावण द्वारा अपनी तलवार से उनके पंख काटकर उन्हें घायल कर दिया जाता है। सीता की खोज में निकले प्रभु श्री राम को घायल जटायु मिलते है और प्रभु श्री राम उनका उद्धार किया जाता है। रात्रि लीला में श्री राधारानी रामलीला मंडल बरसाना ने पुष्प वाटिका धनुष यज्ञ लक्ष्मण परशुराम संवाद तथा राम विवाह की लीला का सुन्दर मंचन कराया , आज की लीला में रीतेश जोशी, रोहित ठाकुर, अतुल जायसवाल, प्रिंस गुप्ता, संजय गोयल, कपिल अग्रहरि , वैभव गुप्ता तथा गो ग्रीन गो क्लीन , ममता करुणा सहयोग समिति, कात्यायनी फाउंडेशन सौहार्द्र जन सेवा समिति के सदस्यों ने रामलीला मंचन में सहयोग किया. आज व्यास पूजन आचार्य डॉ.निर्मल त्रिपाठी वैदिक ज्योतिष हल्द्वानी ,विजिटिंग प्रोफेसर वैदिक यूनिवर्सिटी नीदरलैंड संजय बिष्ट, पार्वती पैलेस होटल,दीप तिवारी, एडवोकेट हिमांशु डालकोटी ने किया।



# हाईकोर्ट में आज से दशहरा अवकाश, अब खुलेगा 6 अक्टूबर को



**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट में शनिवार (आज) से दशहरा अवकाश हो गया है। हाईकोर्ट अब आगामी 6 अकटूबर को खुलेगा । हाईकोर्ट के वार्षिक कलेंडर के अनुसार हाईकोर्ट 9 दिनों तक नवरात्रियों की अवधि में बंद रहेगा।

# अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट का आभार जताया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर में बीते दिनों आयोजित भव्य राम बारात कार्यक्रम में की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं को लेकर अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल संपूर्ण भारत की टीम ने सिटी मजिस्ट्रेट को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

प्रदेश संगठन मंत्री भूपेश बिष्ट ने कहा कि हमें अपने शहर में ऐसे ही ईमानदार, कर्मठ और संवेदनशील अधिकारियों की आवश्यकता है, जो व्यापारिक हितों की पीड़ा को समझें और व्यापारियों के साथ खड़े रहें। इस अवसर पर महिला प्रदेश अध्यक्ष बीनू जायसवाल , प्रदेश उपाध्यक्ष हसीन अंसारी , प्रदेश उपाध्यक्ष पवन प्रकाश दुबे (नैनीताल), जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल , नगर महामंत्री विशाल सक्सेना , विजय कुमार जायसवाल , आदित्य, विष्णु, विशाल, मुस्तफा एम.डी. चमन सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# महाराजा अग्रसेन जयंती पर भव्य शोभायात्रा, पुष्पवर्षा से स्वागत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर में निकाली श्री महाराजा अग्रसेन की सुंदर शोभायात्रा से नगर और अधिक शोभायमान हो गया।श्री महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजीव अग्रवाल जी के नेतृत्व में भव्य और दिव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा अपरान्ह 3 बजे लक्ष्मी शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों - बाजारों से होती हुई रेलवे बाजार में सम्पन्न हुई।





यह शोभायात्रा हर वर्ष सुंदर और सुंदर स्वरूप लेती जा रही है। शोभायात्रा का संचालन महामंत्री मनोज अग्रवाल एवं युवा समिति अध्यक्ष विपुल अग्रवाल द्वारा किया गया। मुख्य कार्यक्रम संयोजक नीरज प्रभात गर्ग के मार्गदर्शन में शोभायात्रा संचालन समिति के संयोजक आशुतोष अग्रवाल व मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष, कनव अग्रवाल द्वारा सुंदर शोभायात्रा को व्यवस्थित और अनुशासित रूप से संचालित किया गया। हमारे समाज की महान विभूतियां राम मनोहर लोहिया, भारतेंदु हरिश्चंद्र, लाला लाजपत राय का हमेशा यात्रा में विशेष स्थान रखता है। 18 गोत्र के रूप में घोड़ों पर सवार 18 बालक अपनी ही छटा बिखेर रहे थे। नारी सशक्तिकरण का प्रतीक महिला स्कूटी रैली जिसका संचालन महिला अध्यक्ष पायल अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, एकता अग्रवाल ने किया, विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मां नंदा - सुनंदा, बांके बिहारी जी, मां गंगा एवं खाटू श्याम जी की जीवंत झांकी के अद्भुत दर्शन कर नगरवासी अविभूत हो गए । पार्वती प्रेमा जगाती एवं हर गोविंद सुयाल के अति उत्साहित बैंड और झांकी और जय अग्रोहा जय अग्रसेन के जयघोष ने आनंद में झूमते सभी दर्शकों में उमंग की अनोखी लहरों का संचार कर दिया। शोभायात्रा में सुशील कुमार बंसल, भगवान सहाय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल पप्पी, कैलाश चंद्र अग्रवाल, राकेश गर्ग, बद्री प्रसाद गुप्ता, अशोक अग्रवाल, नीरज प्रभात गर्ग,दीपक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, निशुल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सरिल गोयल, अभिषेक मित्तल, नानक चंद लोहिया, कैलाश चंद्र अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, अजय अग्रवाल मुन्ना, बसंत अग्रवाल, विजय बंसल, वैशाली अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, अनिल गुप्ता, रामकिशोर अग्रवाल, रूपक अग्रवाल,गौरव अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, तरुण बंसल,साकेत अग्रवाल उपस्थित रहे।